खण्ड–07 सत्र–01 (भाग–01) / अंक–01

सोमवार 24 फरवरी, 2020 / 05 फाल्गुन, 1941(शक)

# दिल्ली विधान सभा

## की

## कार्यवाही

सत्यमेव जयते

## छठी विधान सभा

## पहला सत्र

अधिकृत विवरण

(खण्ड–07 (भाग–1) में अंक 01 से 03 सम्मिलित हैं)

दिल्ली विधान सभा सचिवालय
पुराना सचिवालय, दिल्ली–54

## सम्पादक वर्ग
## EDITORIAL BOARD

**सी. वेलमुरुगन**
सचिव
**C. VELMURUGAN**
Secretary

**एम.एस. रावत**
उप सचिव (सम्पादन)
**M.S. RAWAT**
Deputy Secretary(Editing)

# विषय—सूची

## सत्र—1 सोमवार, 24 फरवरी, 2020 / 5 फाल्गुन, 1941 (शक) (अंक—01)


| क्र.सं. | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनाँक 12 फरवरी, 2020 को जारी अधिसूचना संख्या 308 / दिल्ली—वि.स. / 2020 की प्रति (हिंदी / अंग्रेजी) | ii-xi |
| 2. | दिनाँक 18 फरवरी, 2020 को सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्री परिषद के गठन के संबंध में जारी अधिसूचना की प्रति (हिंदी / अंग्रेजी) | xii-xvi |
| 3. | सदन में उपस्थित सदस्यों की सूची | 1—2 |
| 4. | सदस्यों द्वारा शपथ / प्रतिज्ञान | 5—7 |
| 5. | सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात | 4 |
| 6. | अध्यक्ष का निर्वाचन | 8—20 |

# भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली—110001

दिनांकः 12 फरवरी, 2020
23 माघ, 1941 शक

## अधिसूचना

सं0 308/दिल्ली–वि0स0/2020– यतः लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, (1951 का 43) की धारा 15 की उप–धारा (2) के अनुसरण में राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र, दिल्ली के उप–राज्यपाल द्वारा 14 जनवरी, 2020 को जारी अधिसूचना सं0 स0मु0चु0अ0/चु0सं0/102 (22)/डी0एल0ए0–20/2019/8767 के अधीन, राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र, दिल्ली के लिए एक नई विधान सभा के गठन के लिए एक साधारण निर्वाचन कराया गया है; और

यतः उक्त साधारण निर्वाचन में सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम सम्बन्धित रिटर्निंग आफिसरों द्वारा घोषित किए जा चुके है;

अतः अब, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की–ध ारा 73 के अनुसरण में, भारत निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उन निर्वाचन क्षेत्रों के लिए दल सम्बद्धता, यदि कोई हो सहित, निर्वाचित सदस्यों के नाम, एतद्द्वारा अधिसूचना की अनुसूची में अधिसूचित करता है।

आदेश से,

(अजय कुमार)
सचिव

## भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना सं0 सं0 308/दिल्ली–दि0स0/2020
## दिनांक : 12 फरवरी 2020 की अंनुसूची
## राज्य का नाम : राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र, दिल्ली

| | विधान सभा क्षेत्र की क्रम संख्या एवं नाम | निर्वाचित सदस्य का नाम | सम्बंध दल यदि कोई हो |
|---|---|---|---|
| 1. | नरेला | शरद कुमार | आम आदमी पार्टी |
| 2. | बुराड़ी | संजीव झा | आम आदमी पार्टी |
| 3. | तिमारपुर | दिलीप पाण्डेय | आम आदमी पार्टी |
| 4. | आदर्श नगर | पवन शर्मा | आम आदमी पार्टी |
| 5. | बादली | ब्रजेश यादव | आम आदमी पार्टी |
| 6. | रिठाला | महेन्द्र गोयल | आम आदमी पार्टी |
| 7. | बवाना (अ0जा0) | जय भगवान | आम आदमी पार्टी |
| 8. | मुन्डका | धर्मपाल लाकड़ा | आम आदमी पार्टी |
| 9. | किरारी | ॠतुराज गोविन्द | आम आदमी पार्टी |
| 10. | सुल्तानपुर माजरा (अ0आ0) | मुकेश कुमार अहलावत | आम आदमी पार्टी |
| 11. | नांगलोई जाट | रघुविन्द्र माकीज | आम आदमी पार्टी |
| 12. | मंगोल पुरी (अ0जा0) | राखी बिरला | आम आदमी पार्टी |
| 13. | राहिणी | विजेन्द्र गुप्ता | भारतीय जनता पार्टी |
| 14. | शालीमार बाग | बंदना कुमारी | आम आदमी पाटी |
| 15. | शकूर बस्ती | सत्येन्द्र जैन | आम आदमी पार्टी |
| 16. | त्रिनगर | प्रीति तोमर | आम आदमी पार्टी |
| 17. | वजीर पुर | राजेश गुप्ता | आम आदमी पार्टी |
| 18. | मॉडल टाउन | अखिलेश पति त्रिपाठी | आम आदमी पार्टी |
| 19. | सदर बाजार | सोम दत्त | आम आदमी पार्टी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20. | चाँदनी चौक | प्रहलाद सिंह साहनी | आम आदमी पार्टी |
| 21. | मटिया महल | शोएब इकबाल | आम आदमी पार्टी |
| 22. | बल्लीमारन | इमरान हुसैन | आम आदमी पार्टी |
| 23. | करोल बाग (अ0जा0) | विशेष रवि | आम आदमी पार्टी |
| 24. | पटेल नगर (अ0जा0) | राज कुमार आनन्द | आम आदमी पार्टी |
| 25. | मोती नगर | शिव चरन गोयल | आम आदमी पार्टी |
| 26. | मादी पुर (अ0जा0) | गिरीश सोनी | आम आदमी पार्टी |
| 27. | राजौरी गार्डन | धनवती चंदीला | आम आदमी पार्टी |
| 28. | हरि नगर | राजकुमारी ढ़िल्लों | आम आदमी पार्टी |
| 29. | तिलक नगर | जरनैल सिंह | आम आदमी पार्टी |
| 30. | जनक पुरी | राजेश ऋषि | आम आदमी पार्टी |
| 31. | विकास पुरी | महिन्द्र यादव | आम आदमी पार्टी |
| 32. | उत्तम नगर | नरेश बाल्यान | आम आदमी पार्टी |
| 33. | द्वारका | विनय मिश्रा | आम आदमी पार्टी |
| 34. | मटिआला | गुलाब सिंह | आम आदमी पार्टी |
| 35. | नजफगढ़ | कैलाश गहलोत | आम आदमी पार्टी |
| 36. | बिजवासन | भुपेन्द्र सिंह जून | आम आदमी पार्टी |
| 37. | पालम | भावना गौड़ | आम आदमी पार्टी |
| 38. | दिल्ली छावनी | विरेन्द्र सिंह कादियान | आम आदमी पार्टी |
| 39. | राजिन्द्र नगर | राघव चड्ढा | आम आदमी पार्टी |
| 40. | नई दिल्ली | अरविंद केजरीवाल | आम आदमी पार्टी |
| 41. | जंगपुरा | प्रवीण कुमार | आम आदमी पार्टी |
| 42. | कस्तूरबा नगर | मदन लाल | आम आदमी पार्टी |
| 43. | मालवीय नगर | सोमनाथ भारती | आम आदमी पार्टी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44. | आर0 के0 पुरम | प्रमिला टोकस | आम आदमी पार्टी |
| 45 | महरौली | नरेश यादव | आम आदमी पार्टी |
| 46. | छतरपुर | करतार सिंह तंवर | आम आदमी पार्टी |
| 47. | देवली (अ0जा0) | प्रकाश प्रकाश जारवाल | आम आदमी पार्टी |
| 48. | अम्बेडकर नगर (अ0जा0) | अजय दत्त | आम आदमी पार्टी |
| 49. | संगम विहार | दिनेश मोहनिया | आम आदमी पार्टी |
| 50. | ग्रेटर कैलाश | सौरभ भारद्वाज | आम आदमी पार्टी |
| 51. | कालकाजी | आतिशी | आम आदमी पार्टी |
| 52. | तुगलकाबाद | सहीराम | आम आदमी पार्टी |
| 53. | बदरपुर | रामवीर सिंह बिधूड़ी | भारतीय जनता पार्टी |
| 54. | ओखला | अमानतुल्लाह खान | आम आदमी पार्टी |
| 55. | त्रिलोकपुरी (अ0जा0) | रोहित कुमार | आम आदमी पार्टी |
| 56. | कोण्डली (अ0जा0) | कुलदीप कुमार | आम आदमी पार्टी |
| 57. | पटपड़गंज | मनीष सिसोदिया | आम आदमी पार्टी |
| 58. | लक्ष्मी नगर | अभय वर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| 59. | विश्वास नगर | ओम प्रकाश शर्मा | भारतीय जनता पार्टी |
| 60. | कृष्णा नगर | एस. के. बग्गा (एडवोकेट) | आम आदमी पार्टी |
| 61. | गाँधी नगर | अनिल कुमार बाजपेयी | भारतीय जनता पार्टी |
| 62. | शाहदरा | रामनिवास गोयल | आम आदमी पार्टी |
| 63. | सीमापुरी (अ0जा0) | राजेन्द्र पाल गौतम | आम आदमी पार्टी |
| 64. | रोहतास नगर | जितेन्द्र महाजन | भारतीय जनता पार्टी |
| 65. | सीलमपुर | अब्दुल रहमान | आम आदमी पार्टी |
| 66. | घोण्डा | अजय महावर | भारतीय जनता पार्टी |
| 67. | बाबरपुर | गोपाल राय | आम आदमी पार्टी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 68. | गोकलपुर (अ0जा0) | सुरेन्द्र कुमार | आम आदमी पार्टी |
| 69. | मुस्तफाबाद | हाजी युनूस | आम आदमी पार्टी |
| 70. | कराबल नगर | मोहन सिंह बिष्ट | भारतीय जनता पार्टी |

**आदेश से,**

**(अजय कुमार)**
**सचिव**
**भारत निर्वाचन आयोग**

# ELECTION COMMISION OF INDIA

NIRVACHAN SADAN, ASHOKA ROAD, NEW DELHI-110001

Dated: 12th February] 2020
23 Magha, 1941 (Saka)

## NOTIFICATION

No.308/DL-LA/2020:- Whereas, in pursuance of Notification No. CEO/COE/102(22)/DLA-20/2019/8766, issued by the Lieutenant Governor of the National Capital Territory of Delhi on 14th January 2020, under Sub-Section (2) of Section 15 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951), a General Election has been held for the purpose of constituting a new Legislative Assembly for the National Capital Territory of Delhi; and

Whereas, the results of the elections in all Assembly Constituencies said General Election, have been declared by the Returning Officers concerned;

Now, therefore, in pursuance of Section 73 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951), the Election commission of India hereby notifies the names of the Members elected for these constituencies, along with their party affiliation, if any, in the SCHEDULE to the Notification.

By order,

(Ajoy Kumar)

SECRETARY

SCHEDULE TO NOTIFICATION NO. 308/DL-LA/2020, DATED 12th February, 2020 OF THE ELECTION COMMISION OF INDIA

Name of the State: National Capital Territory of Delhi

| | No. & Name of Assembly Constituency | Name of the Elected Member | Party Affiliation (if any) |
|---|---|---|---|
| 1 | Narela | Sharad Kumar | Aam Aadmi Party |
| 2 | Burari | Sanjeev Jha | Aam Aadmi Party |
| 3 | Timarpur | Dilip Pandey | Aam Aadmi Party |
| 4 | Adarsh Nagar | Pawan Sharma | Aam Aadmi Party |
| 5 | Badli | Ajesh Yadav | Aam Aadmi Party |
| 6 | Rithala | Mohinder Goyal | Aam Aadmi Party |
| 7 | Bawana (SC) | Jai Bhagwan | Aam Aadmi Party |
| 8 | Mundka | Dharampal Lakra | Aam Aadmi Party |
| 9 | Kirari | Rituraj Govind | Aam Aadmi Party |
| 10 | Sultan Pur Majra (SC) | Mukesh Kumar Ahalawat | Aam Aadmi Party |
| 11 | Nangloi Jat | Raghuvinder Shokeen | Aam Aadmi Party |
| 12 | Mangol Puri (SC) | Rakhi Birla | Aam Aadmi Party |
| 13 | Rohini | Vijender Gupta | Bhartiya Janta Party |
| 14 | Shalimar Bagh | Bandana Kumari | Aam Aadmi Party |
| 15 | Shakur Basti | Satyendar Jain | Aam Aadmi Party |
| 16 | Tri Nagar | Preeti Tomar | Aam Aadmi Party |
| 17 | Wazirpur | Rajesh Gupta | Aam Aadmi Party |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | Model Town | Akhilesh Pati Tripathi | Aam Aadmi Party |
| 19 | Sadar Bazar | Som Dutt | Aam Aadmi Party |
| 20 | Chandni Chowk | Parlad Singh Sawhney | Aam Aadmi Party |
| 21 | Matia Mahal | Shoaib Iqbal | Aam Aadmi Party |
| 22 | Ballimaran | Imran Hussain | Aam Aadmi Party |
| 23 | Karol Bagh (SC) | Vishesh Ravi | Aam Aadmi Party |
| 24 | Patel Nagar (SC) | Raaj Kumar Anand | Aam Aadmi Party |
| 25 | Moti Nagar | Shiv Charan Goel | Aam Aadmi Party |
| 26 | Madipur (SC) | Girish Soni | Aam Aadmi Party |
| 27 | Rajouri Garden | A Dhanwati Chandela A | Aam Aadmi Party |
| 28 | Hari Nagar | Raj Kumari Dhillon | Aam Aadmi Party |
| 29 | Tilak nagar | Jarnail Singh | Aam Aadmi Party |
| 30 | Janakpuri | Rajesh Rishi | Aam Aadmi Party |
| 31 | Vikaspuri | Mahinder Yadav | Aam Aadmi Party |
| 32 | Uttam Nagar | Naresh Baliyan | Aam Aadmi Party |
| 33 | Dwarka | Vinay Mishra | Aam Aadmi Party |
| 34 | Matiala | Gulab Singh | Aam Aadmi Party |
| 35 | Najafgarh | Kailash Gahlot | Aam Aadmi Party |
| 36 | Bijwasan | Bhupinder Singh Joon | Aam Aadmi Party |
| 37 | Palam | Bhavna Gaur | Aam Aadmi Party |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 38 | Delhi Cantt | Virender Singh Kadian | Aam Aadmi Party |
| 39 | Rajinder Nagar | Raghav Chadha | Aam Aadmi Party |
| 40 | New Delhi | Arvind Kejriwal | Aam Aadmi Party |
| 41 | Jangpura | Praveen Kumar | Aam Aadmi Party |
| 42 | Kasturba Nagar | Madan Lal | Aam Aadmi Party |
| 43 | Malviya Nagar | Somnath Bharti | Aam Aadmi Party |
| 44 | R.K. Puram | Pramila Tokas | Aam Aadmi Party |
| 45 | Mehrauli | Naresh Yadav | Aam Aadmi Party |
| 46 | Chhatarpur | Kartar Singh Tanwar | Aam Aadmi Party |
| 47 | Deoli (SC) | Prakash @ Prakash Jarwal | Aam Aadmi Party |
| 48 | Ambedkar Nagar (SC) | Ajay Dutt | Aam Aadmi Party |
| 49 | Sangam Vihar | Dinesh Mohaniya | Aam Aadmi Party |
| 50 | Greater Kailash | Saurabh Bharadwaj | Aam Aadmi Party |
| 51 | Kalkaji | Atishi | Aam Aadmi Party |
| 52 | Tughalkabad | Sahiram | Aam Aadmi Party |
| 53 | Badarpur | Ramvir Singh Bidhuri | Bhartiya Janta Party |
| 54 | Okhla | Amanatullah Khan | Aam Aadmi Party |
| 55 | Trilokpuri (SC) | Rohit Kumar | Aam Aadmi Party |
| 56 | Kondli (SC) | Kuldeep Kumar | Aam Aadmi Party |
| 57 | Patparganj | Manish Sisodia | Aam Aadmi Party |
| 58 | Laxmi Nagar | Abhay Verma | Bhartiya Janta Party |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 59 | Vishwas Nagar | Om Prakash Sharma | Bhartiya Janta Party |
| 60 | Krishna Nagar | S. K. Bagga (Advocate) | Aam Aadmi Party |
| 61 | Gandhi Nagar | Anil Kumar Bajpai | Bhartiya Janta Party |
| 62 | Shahdra | Ram Niwas Goel | Aam Aadmi Party |
| 63 | Seemapuri (SC) | Rajendra Pal Gautam | Aam Aadmi Party |
| 64 | Rohtas Nagar | Jitender Mahajan | Bhartiya Janta Party |
| 65 | Seelam Pur | Abdul Rehman | Aam Aadmi Party |
| 66 | Ghonda | Ajay Mahawar | Bhartiya Janta Party |
| 67 | Babarpur | Gopal Rai | Aam Aadmi Party |
| 68 | Gokalpur (SC) | Surendra Kumar | Aam Aadmi Party |
| 69 | Mustafabad | Haji Yunus | Aam Aadmi Party |
| 70 | Karawal Nagar | Mohan Singh Bisht | Bhartiya Janta Party |

By Order

(AJOY KUMAR)
SECRETARY

रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

# दिल्ली राजपत्र
# Delhi Gazette

एस.जी.-डी.एल.-अ.-18022020-216220
SG-DL-E-18022020-216220

असाधारण
EXTRAORDINARY
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | | |
|---|---|---|
| सं. 22] | दिल्ली, मंगलवार, फरवरी 18, 2020/माघ 29, 1941 | [रा.रा.रा.क्षे.दि.सं. 382 |
| No. 22] | DELHI, TUESDAY, FEBRUARY 18, 2020/MAGHA 29, 1941 | [N.C.T.D. No. 382 |

भाग IV
PART IV

## राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र दिल्ली सरकार
## GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

सामान्य प्रशासन विभाग

अधिसूचना

दिल्ली, 17 फरवरी, 2020

सं.फा 3/05रु2020/सा0प्रशा0वि0/समन्वय/453–462–राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (कार्य आवंटन) नियमवली, 1993 के नियम 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग करते हुए उपराज्यपाल, राष्ट्रीय क्षेत्र दिल्ली, मुख्यमंत्री के परामर्श से, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के मंत्रियों को निम्नलिखित कार्य आवंटित करते है,

जिनके संबंध में संविधान के अनुच्छेद 239कक के अधीन उपराज्यपाल को उनके कार्यों के निर्वाहन के लिए मंत्री–परिषद् के द्वारा सहायता और सलाह देना अपेक्षित है।

तदनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के मंत्रियों के पोर्टफोलियो इस प्रकार हैं:–

| क्र0 सं0 | मंत्रियों का नाम | विभाग |
|---|---|---|
| 1 | श्री मनीष सिसौदिया,<br>उप–मुख्यमंत्री | 1. शिक्षा<br>2. वित्त<br>3. योजना<br>4. भूमि एवं भवन<br>5. सतर्कता<br>6. सेवाएं<br>7. पर्यटन<br>8. कला, संस्कृति एवं भाषा, एवं वे विभाग जो किसी मंत्री को आबंटित नहीं किये गये हैं। |
| 2. | श्री गोपाल राय | 1. रोजगार<br>2. विकास<br>3. श्रम<br>4. सामान्य प्रशासन विभाग<br>5. पर्यावरण, वन तथा वत्य जंतु विभाग |
| 3. | श्री सत्येन्द्र जैन | 1. स्वास्थ्य<br>2. उद्योग<br>3. लोक निर्माण विभाग<br>4. ऊर्जा<br>5. गृह |

| | | |
|---|---|---|
| | | 6. शहरी विकास<br>7. सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण<br>8. जल |
| 4. | श्री इमरान हुसैन | 1. खाद्य एवं आपूर्ति<br>2. चुनाव |
| 5. | श्री राजेन्द्र पाल गौतम | 1. गुरूद्वारा चुनाव<br>2. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति<br>3. समाज कल्याण<br>4. सहकारिता<br>5. महिला एवं बाल कल्याण |
| 6. | श्री कैलाश गहलोत | 1. विधि, न्याय एवं विधायी कार्य<br>2. परिवहन<br>3. प्रशासनिक सुधार<br>4. सूचना एवं प्रौद्योगिकी<br>5. राजस्व |

यह अधिसूचना, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के मंत्रियों के पोर्टफोलिया के आवंटन सम्बंधित सभी पिछली अधिसूचनाओ को प्रतिस्थापित करती है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल
के आदेश से तथा उनके नाम पर,

अमिताभ कुन्डू, उप सचिव

GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT
NOTIFICATION

Delhi, the 17th February, 2020

**No.F.3/5/2020/GAD/CN/453-462.**-In exercise of powers conferred under Rule 3 of the Government of the National Capital territory of Delhi (Allocation of Business) Rules 1993, the Lt. Governor of the National Capital Territory of Delhi, in consultation with the Chief Minister, is pleased to allocate to the Ministers of the Government of the National Capital Territory of Delhi the following business of the Government of the National Capital Territory of Delhi, in so far as, such business relates to matters in respect to which the Council of Ministers is required under Article 239AA of the Constitution to aid and advise the Lt. Governor in exercise of his functions.

Accordingly, the portfolios of Ministers of the Government of National Capital Territory of Delhi are as follows:-

| **S. No.** | **NAME OF MINISTERS** | **PORTFOLIOS** |
|---|---|---|
| 1. | Sh. Manish Sisodia<br>Deputy Chief Minister | 1. Education<br>2. Finance<br>3. Planning<br>4. Land & Building<br>5. Vigilance<br>6. Services<br>7. Tourism<br>8. Art, Culture & Language and all other Departments not specially allotted to any Minister |
| 2. | Sh. Gopal Rai | 1. Employment<br>2. Development<br>3. Labour |

| | | |
|---|---|---|
| | | 4. General Administration Department<br>5. Environment, Forest and Wild Life |
| 3. | Sh. Satyendra Jain | 1. Health<br>2. Industries<br>3. Public Works Department<br>4. Power<br>5. Home<br>6. Urban Development<br>7. Irrigation and Flood Control<br>8. Water |
| 4. | Sh. Imran Hussain | 1. Food & Supply<br>2. Election |
| 5. | Sh. Rajendra Pal Gautam | 1. Gurudwara Elections<br>2. SC & ST<br>3. Social Welfare<br>4. Cooperative<br>5. Women and Child |
| 6. | Sh. Kailash Gahlot | 1. Law, Justice and Legislative affairs<br>2. Transport<br>3. Administrative Reforms<br>4. Information & Technology<br>5. Revenue |

This notification supersedes all previous notification regarding allocation of portfolios to Minister of the Government of National Capital Territory of Delhi.

By Order and in the Name of the Lt. Governor
of the National Capital Territory of Delhi,
AMITABH KUNDOO, Dy. Secy.

# दिल्ली विधान सभा
# की
# कार्यवाही

**सत्र–1 सोमवार, 24 दिसम्बर, 2020 / 5 फाल्गुन,1941 (शक) अंक–1**

## सदन में उपस्थित सदस्यों की सूची

| क्रम सं0 | सदस्य का नाम | | |
|---|---|---|---|
| | | 18 | श्री गुलाब सिंह |
| | | 19 | मो0 हाजी युनूस |
| 1 | श्रीमती ए.धनवती चंदेला ए | 20 | श्री जय भगवान |
| 2 | श्री अब्दुल रहमान | 21 | श्री जरनैल सिंह |
| 3 | श्री अभय वर्मा | 22 | श्री जितेन्द्र महाजन |
| 4 | श्री अजय दत्त | 23 | श्री करतार सिंह तंवर |
| 5 | श्री अजय महावर | 24 | श्री कुलदीप कुमार |
| 6 | श्री अजेश यादव | 25 | श्री मदन लाल |
| 7 | श्री अखिलेशपति त्रिपाठी | 26 | श्री महेंद्र यादव |
| 8 | श्री अमानतुल्लाह खान | 27 | श्री मोहन सिह बिष्ट |
| 9 | श्री अनिल कुमार बाजपेयी | 28 | श्री महेन्द्र गोयल |
| 10 | सुश्री आतिशी | 29 | श्री मुकेश कुमार अहलावत |
| 11 | श्रीमती बंदना कुमारी | 30 | श्री नरेश बाल्यान |
| 12 | सुश्री भावना गौड़ | 31 | श्री नरेश यादव |
| 13 | श्री भूपेन्द्र सिंह जून | 32 | श्री ओम प्रकाश शर्मा |
| 14 | श्री धर्मपाल लाकड़ा | 33 | श्री प्रहलाद सिंह साहनी |
| 15 | श्री दिलीप पांडे | 34 | श्री पवन शर्मा |
| 16 | श्री दिनेश मोहनिया | 35 | श्री प्रकाश जारवाल |
| 17 | श्री गिरीश सोनी | 36 | श्रीमती प्रमिला टोकस |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | श्री प्रवीण कुमार | 49 | श्री संजीव झा |
| 38 | श्रीमती प्रीति तोमर | 50 | श्री सौरभ भारद्वाज |
| 39 | श्री राज कुमार आनन्द | 51 | श्री शरद कुमार |
| 40 | श्री राघव चड्ढा | 52 | श्री शिव चरण गोयल |
| 41 | श्री रघुविन्दर शौकीन | 53 | श्री सोम दत्त |
| 42 | श्रीमती राज कुमारी ढिल्लों | 54 | श्री सोमनाथ भारती |
| 43 | श्री राजेश गुप्ता | 55 | श्री सुरेन्द्र कुमार |
| 44 | श्री राजेश ऋषि | 56 | श्री विजेन्द्र गुप्ता |
| 45 | श्री ऋतुराज गोविन्द | 57 | श्री विनय मिश्रा |
| 46 | श्री रोहित कुमार | 58 | श्री विजेन्द्र सिंह कादयान |
| 47 | श्री एस.के. बग्गा | 59 | श्री विशेष रवि |
| 48 | श्री सहीराम | | |

# दिल्ली विधान सभा
# की
# कार्यवाही[1]

**सत्र – 1 सोमवार, 24 फरवरी, 2020 /5 फाल्गुन,1941 (शक) अंक–1**

सदन पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुआ।

माननीय कार्यकारी अध्यक्ष (श्री शोएब इकबाल) पीठासीन हुए।

(राष्ट्रीय गीत – वंदे मातरम्)

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** माननीय सदस्यगण! सातवीं विधान सभा का सदस्य चुने जाने पर आप सभी को मुबारकबाद! मैं आप सभी का तहेदिल से स्वागत करता हूँ। आज हम सब एक मुबारक मौके पर इकट्ठा हुए हैं। संविधान के तहत एक नई सभा का गठन हुआ है, जिस पर हमारी जनता की भलाई की अहम जिम्मेदारी है। सदन की कार्यवाही शुरू करने से पहले यह जरूरी है कि पहले से चली आ रही परम्पराओं के अनुसार और इस मौके की गरिमा को देखते हुए हम दो मिनट का मौन धारण करेंगे और ईश्वर से दुआ करेंगे कि हम दिल्ली की तरक्की के लिए मिल–जुलकर काम करें।

अब सदन द्वारा दो मिनट के लिए मौन रखा जायेगा।
(सदन द्वारा दो मिनट के लिए मौन रखा गया)

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** मैं सभी माननीय सदस्यों को बताना चाहता हूँ कि विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य–संचालन नियमों के नियम–07 के अनुसार सदस्यों द्वारा अटेंडेंस शीट पर हस्ताक्षर करना जरूरी है। सदस्यों की सुविधा के लिए अटेंडेंस शीट दायीं एवं बायीं ओर दोनों लॉबियों में रखी गई हैं। माननीय सदस्यों से गुजारिश है कि आप जब भी सदन में आएँ, अपनी अटेंडेंस अवश्य लगायें।

1 www.delhiassembly.nic.in पर उपलब्ध।

# सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** अब सचिव, दिल्ली विधान सभा, दिनांक 08 फरवरी, 2020 को हुए आम चुनाव में, सातवीं विधान सभा के लिए चुने गये सदस्यों के संबंध में, भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त नोटिफिकेशन दिनांक 12 फरवरी, 2020 की कॉपी सदन पटल पर रखेंगे।

**सचिव (विधान सभा):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से सातवीं विधान सभा के लिए चुने गए सदस्यों के सबंध में भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त नोटिफिकेशन दिनांक 12 फरवरी, 2020 की कॉपी सदन पटल पर रखता हूँ।

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** अब माननीय सदस्यों द्वारा शपथ या प्रतिज्ञान लेने की कार्यवाही शुरू होगी। सचिव, दिल्ली विधान सभा माननीय सदस्यों का नाम पुकारेंगे। सबसे पहले माननीय मुख्य मंत्री शपथ लेंगे। उसके बाद उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी शपथ लेंगे। उसके बाद विधान सभा इलाका–वार सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी। जो सदस्य अपनी बारी के अनुसार शपथ लेने के लिए हाजिर नहीं होंगे, उनके नाम आखिर में पुकारे जायेंगे। जो सदस्य आज शपथ नहीं ले सकेंगे, उनको कल शपथ दिलाई जायेगी।

अब मैं सचिव, विधान सभा से गुजारिश करता हूँ कि वे शपथ ग्रहण की कार्यवाही शुरू करें।

**सचिव(विधान सभा):** (सचिव विधान सभा द्वारा निम्नलिखित क्रम में नाम पुकारे गये।)

# सदस्यों द्वारा शपथ/प्रतिज्ञान

| क्र. सं. | वि.सभा क्षेत्र संख्या | नाम | पद | भाषा | शपथ/ प्रतिज्ञान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 40 | श्री अरविंद केजरीवाल | माननीय मुख्यमंत्री | हिंदी | शपथ |
| 2. | 57 | श्री मनीष सिसोदिया | माननीय उप मुख्यमंत्री | हिंदी | शपथ |
| 3. | 67 | श्री गोपाल राय | माननीय मंत्री | हिंदी | शपथ |
| 4. | 15 | श्री सत्येन्द्र जैन | माननीय मंत्री | हिंदी | शपथ |
| 5. | 22 | श्री इमरान हुसैन | माननीय मंत्री | हिंदी | शपथ |
| 6. | 63 | श्री राजेन्द्रपाल गौतम | माननीय मंत्री | हिंदी | शपथ |
| 7. | 35 | श्री कैलाश गहलोत | माननीय मंत्री | हिंदी | शपथ |
| 8. | 01 | श्री शरद कुमार | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 9. | 02 | श्री संजीव झा | माननीय सदस्य | मैथिली | शपथ |
| 10. | 03 | श्री दिलीप पाण्डेय | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 11. | 04 | श्री पवन शर्मा | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 12. | 05 | श्री अजेश यादव | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 13. | 06 | श्री महेंद्र गोयल | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 14. | 07 | श्री जय भगवान | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 15. | 08 | श्री धर्मपाल लाकड़ा | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 16. | 09 | श्री ऋतुराज गोविंद | माननीय सदस्य | मैथिली | शपथ |
| 17. | 10 | श्री मुकेश कुमार अहलावत | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 18. | 11 | श्री रघुविंदर शौकीन | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 19. | 12 | सुश्री राखी बिड़ला | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 20. | 13 | श्री विजेन्द्र गुप्ता | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 21. | 14 | श्रीमती बंदना कुमारी | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 22. | 16 | श्रीमती प्रीति तोमर | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 23. | 17 | श्री राजेश गुप्ता | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 24. | 18 | श्री अखिलेश पति त्रिपाठी | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 25. | 19 | श्री सोमदत्त | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 26. | 20 | श्री प्रहलाद सिंह साहनी | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 27. | 23 | श्री विशेष रवि | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 28. | 24 | श्री राज कुमार आनंद | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 29. | 25 | श्री शिव चरण गोयल | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 30. | 26 | श्री गिरीश सोनी | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 31. | 27 | श्रीमती अ. धनवती चंदीला अ. | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 32. | 28 | श्रीमती राजकुमारी ढिल्लों | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 33. | 29 | श्री जरनैल सिंह | माननीय सदस्य | पंजाबी | शपथ |
| 34. | 31 | श्री महेंद्र यादव | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 35. | 32 | श्री नरेश बाल्यान | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 36. | 33 | श्री विनय मिश्रा | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 37. | 34 | श्री गुलाब सिंह | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 38. | 36 | श्री भूपिंदर सिंह जून | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 39. | 37 | सुश्री भावना गौड़ | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 40. | 38 | श्री वीरेंद्र सिंह कादियान | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 41. | 45 | श्री राघव चड्ढा | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 42. | 41 | श्री प्रवीण कुमार | माननीय सदस्य | अंग्रेजी | शपथ |
| 43. | 42 | श्री मदन लाल | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 44. | 43 | श्री सोमनाथ भारती | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 45. | 44 | श्री प्रमिला टोकस | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 46. | 45 | श्री नरेश यादव | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 47. | 46 | श्री करतार सिंह तंवर | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 48. | 47 | श्री प्रकाश जारवाल | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 49. | 48 | श्री अजय दत | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 50. | 49 | श्री दिनेश मोहनिया | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 51. | 50 | श्री सौरभ भारद्वाज | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 52. | 51 | सुश्री आतिशी | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 53. | 52 | श्री सही राम | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 54. | 53 | श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 55. | 54 | श्री अमानतुल्लाह खान | माननीय सदस्य | उर्दू | शपथ |
| 56. | 55 | श्री रोहित कुमार | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 57. | 56 | श्री कुलदीप कुमार | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 58. | 58 | श्री अभय वर्मा | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 59. | 59 | श्री ओमप्रकाश शर्मा | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 60. | 60 | श्री एस.के.बग्गा | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 61. | 61 | श्री अनिल कुमार बाजपेयी | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 62. | 62 | श्री रामनिवास गोयल | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 63. | 64 | श्री जितेन्द्र महाजन | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 64. | 65 | श्री अब्दुल रहमान | माननीय सदस्य | उर्दू | शपथ |
| 65. | 66 | श्री अजय महावर | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 66. | 68 | श्री सुरेंद्र कुमार | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |
| 67. | 69 | श्री हाजी युनूस | माननीय सदस्य | उर्दू | शपथ |
| 68. | 70 | श्री मोहन सिंह बिष्ट | माननीय सदस्य | हिंदी | शपथ |

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** माननीय सदस्यगण और मीडिया के साथियो! आप सब भोजन के लिए सादर आमन्त्रित हैं। सदन की कार्यवाही एक घण्टे तक के लिए स्थगित की जाती है। आप सब मीडिया के सदस्य और सारे सदस्यगण आप सब लंच के लिए आ सकते हैं

(सदन की कार्यवाही एक घण्टे तक के लिए स्थगित की गई।)

सदन अपराह्न 2.08 बजे समवेत हुआ ।

माननीय कार्यकारी अध्यक्ष (श्री शोएब इकबाल) पीठासीन हुए।

## अध्यक्ष का निर्वाचन

**सदन अपराह्न 2:08 बजे समवेत हुआ।**

**माननीय कार्यकारी अध्यक्ष (श्री शोएब इकबाल) पीठासीन हुए**

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** माननीय सदस्यगण! आपको मालूम है कि आज सदन के अध्यक्ष का चुनाव होना है। अध्यक्ष के चुनाव के लिए मेरे पास कुल चार प्रस्ताव आए हैं। सबसे पहले श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्य मंत्री अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे कि श्री रामनिवास गोयल जी को, जो इस सदन के सदस्य हैं को इस सदन का अध्यक्ष निर्वाचित किया जाए।

**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्य मंत्रीः** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूँ कि श्री रामनिवास गोयल जी, जो इस सदन के सदस्य हैं, को इस सदन का अध्यक्ष निर्वाचित किया जाए।

**माननीय अध्यक्षः** अब श्री कुलदीप कुमार जी, माननीय सदस्य इस प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

**श्री कुलदीप कुमार, माननीय सदस्यः** अध्यक्ष महोदय, मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।

**माननीय अध्यक्षः** श्री गोपाल राय जी, माननीय मंत्री प्रस्ताव। अब श्री सत्येन्द्र जैन जी, माननीय मंत्री जी प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

**माननीय शहरी विकास मंत्री (श्री सत्येन्द्र जैन):** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूँ कि श्री राम निवास गोयल, जो इस सदन के सदस्य हैं, को इस सदन का अध्यक्ष निर्वाचित किया जाये।

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** अब श्री प्रवीण कुमार, माननीय सदस्य प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

**श्री प्रवीण कुमारः** अध्यक्ष महोदय, मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** अब श्री दिनेश मोहनिया जी, माननीय सदस्य प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे।

**श्री दिनेश मोहनियाः** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूँ कि श्री राम निवास गोयल, जो इस सदन के सदस्य हैं को इस सदन का अध्यक्ष निर्वाचित किया जाये।

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** श्री एस.के.बग्गा, माननीय सदस्य इस प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

**श्री एस.के.बग्गाः** अध्यक्ष महोदय, मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूँ।

**माननीय अध्यक्षः** श्री विशेष रवि, माननीय सदस्य प्रस्ताव को प्रस्तुत करेंगे।

**श्री विशेष रविः** अध्यक्ष जी, अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूँ कि श्री राम निवास गोयल जी, जो इस सदन के सदस्य हैं, को इस सदन का अध्यक्ष निर्वाचित किया जाये।

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** श्री राघव चड्ढा जी इस प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

**श्री राघव चड्ढाः** अध्यक्ष महोदय, मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

**माननीय कार्यकारी अध्यक्षः** अब श्री मनीष सिसोदिया जी, माननीय उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत एवं श्री कुलदीप कुमार द्वारा समर्थित निम्नलिखित प्रस्ताव सदन के सामने है कि श्री राम निवास गोयल, जो इस सदन के सदस्य हैं को इस सदन का अध्यक्ष निर्वाचित किया जाये।

जो इस प्रस्ताव के पक्ष में हैं वे हाँ कहें,
जो इसके विरोध में हैं वे न कहें,
(सदस्यों के हाँ कहने पर)
हाँ पक्ष जी, हाँ पक्ष जीता,
प्रस्ताव पारित हुआ।

चूँकि पहला प्रस्ताव पास हो गया है इसलिए नियमानुसार दूसरे प्रस्ताव को लेने की जरूरत नहीं है। इसलिए मुझे ये घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि श्री राम निवास गोयल सर्वसम्मति से सातवीं विधान सभा के अध्यक्ष चुने गये हैं। मैं अपनी

ओर से तथा पूरे सदन की ओर से नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राम निवास गोयल को बधाई देता हूँ। वो लगातार दूसरी बार इस पद पर चुने गये हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि आप अपने अनुभव से इस सदन की गरिमा को बनाये रखेंगे और दिल्ली विधान सभा की कार्यवाही को बहुत ही अच्छे ढंग से और निष्पक्ष ढंग से चलायेंगे। सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के सभी माननीय सदस्यों का सहयोग आपको मिलता रहेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राम निवास गोयल को एक बार फिर दुबारा से बधाई देता हूँ।

अब मैं सदन के नेता और माननीय मुख्य मंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी और प्रतिपक्ष के वरिष्ठ सदस्य श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी जी से अनुरोध करूँगा कि वो नवनिर्वाचित अध्यक्ष महोदय को उनके आसन तक लेकर आएँ और अपनी सीट पर वापस जाकर उन्हें बधाई दें। कोई अन्य सदस्य भी उनको बधाई देना चाहता है तो बधाई दे सकता है।

(माननीय मुख्य मंत्री तथा प्रतिपक्ष के सदस्य श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी श्री राम निवास गोयल, नवनिर्वाचित अध्यक्ष को अध्यक्ष के आसन तक लेकर गये।)

(माननीय अध्यक्ष श्री राम निवास गोयल पीठासीन हुए।)

**माननीय अध्यक्ष (श्री राम निवास गोयल):** माननीय मुख्यमंत्री महोदय।

**माननीय मुख्य मंत्री:** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, ये हम सब के लिए बहुत हर्ष और गर्व की बात है कि आज सर्वसम्मति के साथ पूरे सदन ने दुबारा श्री राम निवास गोयल जी को अपना अध्यक्ष चुना है और अच्छी बात ये है कि सर्वसम्मति के साथ चुना गया तो पक्ष और विपक्ष, दोनों का भरोसा राम निवास गोयल जी में है और पिछले पाँच साल में जैसे हम लोगों ने देखा, वो अध्यक्ष तो थे ही, एक तरह से संवैधानिक पद तो था ही, लेकिन एक बुजुर्ग और एक तरह से इस सदन के भीष्म पितामह की तरह उन्होंने हर वक्त, खासकर विपक्ष को भी मैं समझता हूँ, कभी किसी शिकायत का मौका नहीं दिया। तीखी नोक झोंक तो होती रहती है, वो तो चलता रहता है, सरकार में भी चलता है, सदन में भी चलता है और मैं उम्मीद करता हूँ कि आने वाले पाँच साल भी बहुत अच्छे होंगे और बहुत शुभ होंगे सभी दिल्लीवासियों के लिए। और ये सदन एक तरह से दिल्ली के लोगों के लिए मंदिर है और इस सदन के जरिए हम लोग सब मिलकर, आपके जरिए दिल्ली के लोगों के जो सपने हैं, जो उन्होंने विश्वास जताया है, उसको

हम सब मिलकर पूरा करेंगे।

**माननीय अध्यक्षः** प्रतिपक्ष के वरिष्ठ नेता श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी जी।

**श्री रामवीर सिंह बिधूड़ीः** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको अपनी ओर से और अपनी पार्टी की ओर से दूसरी बार विधान सभा का अध्यक्ष बनने पर बहुत—बहुत बधाई देना चाहता हूँ।

अध्यक्ष जी, आपको याद होगा कि 1993 में मैं और आप इस सदन में एक साथ चुनकर आये थे। और आपको ये भी याद होगा कि उस समय इस कुर्सी पर जिस पर आप बैठे हुए हैं, माननीय स्वर्गीय चरती गोयल जी इसी कुर्सी पर बैठते थे। मैं उस समय भारतीय जनता पार्टी में नहीं था, मैं जनता दल विधायक दल का नेता था और उस समय माननीय चरती लाल गोयल जी ने एक बात कही थी, जब हमने उनको बधाई दी कि बिधूड़ी जी, आपकी संख्या कम हो सकती है लेकिन आपके अधिकारों की रक्षा की जाएगी और दिल्ली का जो भी मुद्दे आप उठाना चाहेंगे, उसमें पूरा संरक्षण उनकी ओर से मिलेगा, ये बात आपको याद होगी।

मैं एक बात और कहना चाहता हूँ, ये इंडियन डेमोक्रेसी में दूसरी मिसाल नहीं है। मैं बताना चाहता हूँ कि कितने बड़े लोग थे वो। आप रूलिंग पार्टी के मेम्बर थे। दिल्ली में पीने के पानी की भयंकर समस्या उत्पन्न हो गई थी। हरियाणा ने दिल्ली का पानी रोक दिया था। मैं 'काम रोको प्रस्ताव' लेकर आया और श्री शोएब इकबाल साहब भी उस समय, जिस दल का मैं नेता था, उसी दल के मेम्बर थे और जब मैं 'काम रोको प्रस्ताव' लेकर आया तो मेरे पास संख्या नहीं थी। तो आदरणीय चरती लाल गोयल जी ने सत्ता पक्ष के, सदन के नेता स्वर्गीय श्री मदन लाल खुराना जी से पूछा कि मुद्दा बहुत अच्छा है लेकिन इनके पास संख्या नहीं है। क्या आप इस काम रोको प्रस्ताव को समर्थन देंगे? आप भी मैम्बर थे और रूलिंग पार्टी मेरे काम रोको प्रस्ताव पर खड़ी हो गई कि मुद्दा बहुत अच्छा है इसलिए हम इसका समर्थन करते हैं और इस पर चर्चा होनी चाहिए और चर्चा हुई। हम आपसे ये उम्मीद करते हैं कि उसी तरह से हमारे अधिकारों की आप रक्षा करेंगे। ये हाउस की कार्यवाही अच्छे से चले और जिस पद पर आप बैठे, इस पद की भी गरिमा बढ़े और हम हाउस की कार्यवाही अच्छे से चले, उसमें मैं और मेरी पार्टी के सदस्यों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। लेकिन हम दिल्ली के लगभग 40 प्रतिशत लोगों की नुमाइंदगी करते हैं। यदि हमारी संख्या कम भी है तो मैं

आपसे जरूर अनुरोध करूँगा कि यदि सत्ता पक्ष से आप एक मैम्बर को बुलवाते हैं तो कम–से–कम हमारी संख्या कम है, हम इधर से भी आप जो हैं, दूसरा मेम्बर बुलवाएँ तो भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुलवाएँ। तो बहुत अच्छी परंपरा आप डाल जाएँगे और आने वाले समय में आपको याद किया जाएगा, ऐसी मैं आपसे प्रार्थना कर रहा हूँ। मैं एक बार फिर आदरणीय श्री राम निवास गोयल जी को क्योंकि वो बहुत ही सीनियर लीडर हैं और दूसरी बार हमारे इस सदन के अध्यक्ष सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए हैं। मैं फिर एक बार आपको बहुत–बहुत अपनी ओर से अपनी पार्टी की ओर से बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ और आपको इस बात का पूरी तरह से पूरा भरोसा भी देता हूँ कि ये सदन अच्छे चले, उसमें हमारा भरपूर सहयोग आपको मिलेगा, बहुत–बहुत धन्यवाद। एक बार फिर हमारी बधाई आप स्वीकार करें।

**माननीय अध्यक्षः** धन्यवाद बिधूड़ी जी, धन्यवाद। अन्य सदस्य श्री सोमनाथ भारती जी।

**श्री सोमनाथ भारतीः** अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत–बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। आपको इस पद पे दूसरी बार देख करके बहुत हर्ष हो रहा है, गर्व हो रहा है और माननीय रामवीर सिंह बिधूड़ी जी को बताना चाहता हूँ कि पिछले सत्र में राम निवास गोयल जी का जो रवैया विपक्ष की तरफ रहा, वो ज्यादा फेवरेबल रहा। हमारी संख्या बहुत ज्यादा थी। लेकिन फिर भी हमारे सदस्यों ने कहा बार–बार, कि ये बहुत उदार हैं। इनकी उदारता इतनी ज्यादा बड़ी थी कि रूलिंग पार्टी के सदस्यों का समय काटकर के उनको दिया गया। तो ये तो आपकी जो अनबायस्ड अप्रोच है अपोजिशन के प्रति, ये तो हम सब ने देखा है। तो मैं आपके पुनः एक बार अपनी तरफ से अपने विधान सभा की तरफ से बहुत–बहुत मुबारकबाद देता हूँ और आशा करता हूँ कि इस सत्र के अन्दर बहुत सारे ऐसे काम होंगे जिसका पूरा भारतवर्ष प्रतीक्षा कर रहा है। आपका बहुत–बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्षः** धन्यवाद सोमनाथ जी। भावना गौड़ जी।

**सुश्री भावना गौड़ः** अध्यक्ष महोदय, बहुत–बहुत शुक्रिया, बधाई आपको। दिल्ली देश की राजधानी और सदन के नेता आपको सदन में आपको स्पीकर के पद के ऊपर पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों ने सर्वसम्मति से आपको स्वीकार किया है। ये आपका बड़प्पन है। आपका व्यवहार और स्पीकर होने के नाते आपने चाहे पक्ष हो, चाहे प्रतिपक्ष हो सबको

एक बड़े भाई की तरह से स्नेह दिया, बच्चों की तरह से आपने हमें सिखाया कि सदन कैसे चलता है। मैं आपको दिल्ली की आधी आबादी जो महिलाओं की आबादी है, उन सबकी तरफ से और हम सदन में आठ महिलाएँ यहां पर उपस्थित हैं। हम सब आठ महिलाओं की तरफ से और पूरी दिल्ली की महिलाओं की तरफ से विशेष तौर पर आपको बहुत सारी बधाई, बहुत सारी शुभकामनाएँ, धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्षः** धन्यवाद। सुश्री राखी बिरला जी।

**सुश्री राखी बिरलाः** बहुत–बहुत धन्यवाद अध्यक्ष जी और सबसे पहले बहुत–बहुत बधाई। दिल्ली विधान सभा की सातवीं विधान सभा जिसका आज गठन हुआ है 2020 के अन्दर, उसका एक बार पुनः आपको स्पीकर समस्त लोगों के समर्थन से नियुक्त किया गया इसकी ओर से मैं, मेरा पूरा सदन, सदन के तमाम सदस्य आपको बहुत–बहुत शुभकानमाएँ देते हैं, बहुत–बहुत बधाई देते हैं। जिस प्रकार से छठी विधान सभा के पूरे पाँच साल आपके नेतृत्व में जगमग रहे, हर तीज त्यौहार, होली दिवाली सभी लोगों ने मिलजुलकर बनाया। कदम–कदम पर आपका प्यार, आपका मार्गदर्शन तमाम सदस्यों को मिला। मेरी ये शुभकामनाएँ, ये इच्छा और आपके प्रति ये मेरा संदेश है कि आप अगली सातवीं जो हमारी विधान सभा है, इसमें भी विधान सभा को इसी तरह से जो है, आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हर तीज त्यौहार, होली, दीवाली हर धर्म गुरुओं की जयंती, पुण्यतिथि इसी तरीके से मनायी जाएगी। ये विधान सभा आपके नेतृत्व में आने वाले तमाम जो भी लोक पर्व हैं, देशभक्ति के जो पर्व हैं, वो इसी प्रकार से हम लोग मिल–जुलकर बनाएँगे। मेरे लिए तो आपका स्नेह और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले पाँच साल मैंने आपके आशीर्वाद से और मार्गदर्शन से आगे बढ़ने का काम किया है।

एक बार पुनः मेरे पूरे मंगोलपुरी विधान सभा के तमाम जो मतदाता हैं, उनकी ओर से, तमाम सम्मानित सदस्यगणों की ओर से आपको पुनः सातवीं विधान सभा के स्पीकर के तौर पर नियुक्त होने पर बहुत–बहुत बधाई, बहुत–बहुत शुभकामनाएँ और आप यूं ही तरक्की करते रहें। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्षः** धन्यवाद राखी जी। माननीय उप मुख्य मंत्री, श्री मनीष सिसोदिया जी।

**माननीय उप मुख्य मंत्रीः** अध्यक्ष महोदय, आपको मैं अपने सभी विधायक साथियों की तरफ से इसमें पक्ष और विपक्ष के सभी साथी शामिल हैं और दिल्ली की जनता

की तरफ से आपको दूसरी बार विधान सभा का अध्यक्ष चुने जाने पर और सातवीं विधान सभा के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार मिलने पर मैं बहुत–बहुत बधाई देता हूँ, बहुत शुभकामनाएँ देता हूँ। ये हम सबका सौभाग्य है कि आप जिस तरह पिछले पाँच साल हमारा मार्गदर्शन करते रहे इस सदन में, जिस तरह से आपके नेतृत्व में, आपकी अध्यक्षता में इस सदन से दिल्ली के लिए बहुत सारी ऐसी योजनाएँ निकली, बहुत सारे ऐसे बिल निकले, बजट निकला जिससे दिल्ली के शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी लोगों की आम जिंदगी क्षेत्रीय विकास, इस पर अभूतपूर्व काम हुए और एक ऐसी सरकार ने काम किया, एक ऐसी व्यवस्था ने काम किया, जिसके बारे में इस चुनावों में भी हर जगह बोला कि भई काम तो हुआ है, काम बहुत हुआ है। तो वैसा ही काम, उसी तरह का काम, उसी तरह की लोगों की जिंदगी में बदलाव, उसी तरह की लोगों की जिंदगी में मद्द, लोगों की जिंदगी की तरक्की का रास्ता इस विधान सभा से खुले, आपके मार्गदर्शन में, आपके नेतृत्व में, ऐसी मैं मंगल कामना करता हूँ और आपको एक बार फिर से बहुत–बहुत बधाई और बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूँ इस पदभार ग्रहण के लिए।

**माननीय अध्यक्षः** मोहन सिंह जी बिष्ट। अन्त में केवल सौरभ भारद्वाज जी।

**श्री मोहन सिंह बिष्टः** आदरणीय अध्यक्ष जी, सबसे पहले तो आपको इस सदन का अध्यक्ष चुने जाने के लिए मैं दिल की गहराइयों से आपको बधाई देता हूँ और आपसे आशा ही नहीं, पूर्ण उम्मीद करता हूँ, हमने सदन को बहुत लंबे समय से देखा है। सदन की क्रिया प्रतिक्रिया को बहुत समय से देखा है। इस सदन के अन्दर जिस जगह आप बैठे हैं, एक नहीं, अनेक ऐसे लोगों ने बैठकर के पूरी दिल्ली के अन्दर एक नई दशा और दिशा देने का काम किया है। सदन के अन्दर सत्ता पक्ष के लोग हों, दूसरी तरफ प्रतिपक्ष के लोग हों, प्रतिपक्ष का काम होता है कि सत्ता पक्ष के लोगों की नाक, आँख और कान बनकर के जो दिल्ली के अन्दर कोई भी ऐसी योजनाओं में लगता है, कहीं कोई कमियाँ हैं, निश्चित रूप से उसको अवगत कराना और जिस सीट पे आप बैठे हैं, यहां से निष्पक्ष होकर के सब लोगों को साथ लेकर के दिल्ली के लिए एक अच्छे से अच्छा माहौल बनाकर के जिस आधार पे हम 70 के 70 लोग यहाँ से जीत के आए हैं, एक ऐसा संदेश जाना चाहिए कि वास्तव में हमने सातवीं विधान सभा में जिन लोगों को चुनकर के भेजा है, निश्चित रूप से दिल्ली के लिए उन्होंने भलाई का काम किया है शायद। आपको तो जरूर आशीर्वाद मिलेगा। ये सदन के अन्दर जितने लोग बैठे हैं, उनको भी जरूर आशीर्वाद मिलेगा। मेरे कहने का भावार्थ है, आपके साथ बहुत लंबे

समय से मेरा काम करने का मुझे मौका मिला। मैं आपके यहाँ प्रभारी भी रहा और बड़े समय से काम करने मैं आपकी आदतों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूँ। आप एक मिलनसार व्यक्ति हैं। लेकिन इस बार आपने एक नया इतिहास रचना है। जैसे मेरे भाई ने कहा कि सीनियर हैं, वृद्ध हैं। इस बार 'ओल्ड इज गोल्ड' ये इस सीट से ऐसा मैसेज दिल्ली के अन्दर जाएगा, निश्चित रूप से हमें भी अच्छा लगेगा, सदन के सभी लोगों को अच्छा लगेगा और शायद हो सकता है सत्ता पक्ष के इस दबाव में कहीं आप सोचें कि सत्ता पक्ष वालों ने हमें सदन का और इस सीट पे बैठाया। लेकिन हम जैसे लोगों को अनुपात से ज्यादा बोलने का यदि समय देंगे, निश्चित रूप से हम सार्थक चर्चा करें। दिल्ली के हितों के बारे में चर्चा करेंगे जैसे रामवीर जी बोल रहे थे, हमने सदन को 1993 से लेके 1998 में भी देखा है। विपक्ष में रहने के बाद भी स्पीकर का एक अपना रूल होता था कि यदि वो जनहित के मुद्दे हैं तो निश्चित रूप से उनको उठाने का वो कहीं न कहीं मौका देते और मुझे आशा नहीं, विश्वास है, आप इस सदन की गरिमा को जरूर रखेंगे। 'ओल्ड इज गोल्ड' वाली कहावत को चरितार्थ करेंगे। आपका बहुत–बहुत धन्यवाद, नमस्कार, आपको बहुत–बहुत बधाई।

**माननीय अध्यक्षः** धन्यवाद, धन्यवाद। सौरभ जी।

**श्री सौरभ भारद्वाजः** अध्यक्ष जी, सबसे पहले तो आपको दिल की गहराइयों से बहुत बहुत बधाई। क्योंकि आपने न सिर्फ अध्यक्ष रहकर ये विधान सभा पाँच साल तक बहुत अच्छे से चलायी बल्कि आपके दिशा–निर्देश में और आपके संरक्षण में, विधान सभा के अंदर कई ऐसी बड़ी बड़ी चीजें हुईं; हर धर्म की जो आस्था रखने वाले लोग हैं, उनके त्योहार इस विधान सभा में मनाये गये। 'स्टूडेंट पार्लियामेंट' यहाँ पर बनाई गई और मुझे लगता है कि बहुत सालों बाद ऐसा मौका आया कि कॉमन वेल्थ गेम्स और कॉमन वेल्थ के जितने भी राज्य हैं, मतलब कि जितने भी हमारे देश हैं, उनकी भी एक 'यूथ पार्लियामेंट' जो है, यहाँ पर हम लोगों ने होस्ट की जो एक हमारे लिए बहुत बड़ी, मुझे लगता है कि बड़े गर्व की बात है कि ऐसा हो पाया और अध्यक्ष जी, मैं अक्सर ये बात कहता हूँ कि जो जीवन का चक्र है, ये घूम के हमेशा आपके पास वापस आता है। जैसे कई बार हमारे यहाँ देहात में कहा जाता है कि जब नई बहू आती है तो सास जो है बड़ी सख्त होती है और बहू को ऐसा लगता है कि देखो, ये सास मेरे ऊपर इतनी सख्ती कर रही है। जब मैं कभी सास बनूँगी तो मैं बहू को बड़े लाड से रखूँगी। मगर जब वो बहू अपने वक्त में सास बनती है तो वो भी लगभग वैसे ही काम अपनी बहू के

साथ करती है और इसीलिए कई बार कहते हैं 'सास भी कभी बहू थी'। इनको पता होगा, इनकी पार्टी से अच्छा जुड़ाव रहा है उस सीरियल का। अब ये बात मैं क्यों कह रहा हूँ, अध्यक्ष जी? मैं इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि मैं मानता हूँ कि आपको अध्यक्ष के रूप में एक महान कार्य करना चाहिए। अगर विपक्ष कम भी है तो भी इनको मजबूत आवाज उठाने के लिए मौका मिलना चाहिए। मगर ये मौका जो है, ये महानता, ये सिर्फ आप ही को अकेले नहीं भोगनी चाहिए। मुझे लग रहा है, इस दिल्ली के अंदर एक सदन और भी है जो देश का सबसे बड़ा सदन है, जो बिलकुल पास में हमारा पार्लियामेंट है, वहाँ पर भी हमारी पार्टी के राज्य सभा में सिर्फ तीन सदस्य हैं और लोक सभा में एक सदस्य है; भाई भगवंत मान। ये महानता, मैं चाहता हूँ कि इस दिल्ली विधान सभा का जो मैसेज है, लोक सभा तक भी जाए, राज्य सभा तक भी जाए और अध्यक्ष जी, मैं यहाँ पर वादा कर रहा हूँ आपकी तरफ से हालाँकि मेरे को ये हक नहीं है मगर मैं फिर भी आपके ऊपर कॉन्फिडेंस रखके ये वादा कर रहा हूँ जिस अनुपात में भाई भगवंत मान का समय बढ़ाया जाएगा, भाई संजय सिंह का समय बढ़ाया जाएगा, उससे ज्यादा अनुपात में हम यहाँ पर इनका समय बढ़वाएंगे और आपके पीछे लगेंगे के जी, इनका समय बढ़ाया जाए। क्योंकि कहीं पर ये सास हैं, कहीं पर हम सास हैं। कहीं पर ये बहू हैं, कहीं पर हम बहू हैं तो जैसी सास चाहती है कि वो बहू बने और बहू चाहती है, सास बने। तो जो ये अनुपात है, बिलकुल अनुपात में रहेगा और ये जो स्वस्थ परंपरा जिसका हवाला दिया जा रहा है, मैं चाहता हूँ, ये स्वस्थ रहे और ये पूरे देश में स्वस्थ परंपरा जाए और ये मैसेज जो जाए, दूर तक जाए कि रामवीर सिंह बिधूड़ी जी की वजह से हमारे संजय सिंह जी को समय मिलने लगा, बहुत–बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्षः** धन्यवाद, सौरभ जी। मैं माननीय नेता सदन श्री अरविंद केजरीवाल जी, मनीष जी, गोपाल जी, सभी मंत्रीगण, सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने दूसरी बार मुझमें विश्वास व्यक्त करके इस सदन को चलाने की जिम्मेदारी सौंपी है। मैं एक बार सबको नमस्कार करता हूँ, प्रणाम करता हूँ। यह मेरा सौभाग्य है कि आपने मुझे लगातार दूसरी बार यह अवसर प्रदान किया है कि इस गरिमामयी आसन पर बैठकर मैं लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखते हुए दिल्ली की जनता की सेवा कर सकूँ और जनता के हितों की रक्षा कर सकूँ। मैं आप सबको विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि अध्यक्ष के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करते समय मैं निष्पक्ष रहूँगा और पूर्ण सत्यनिष्ठा से इस महान सदन के प्रति समर्पित रहूँगा तथा बिना किसी भय, द्वेष और भेदभाव के लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मर्यादाओं की रक्षा करने का पूर्ण प्रयास करूँगा। आप

सबका विश्वास और स्नेह मेरे लिए अमूल्य है। आप लोगों ने मुझे जो यह सम्मान दिया है, उसके लिए मैं दिल से आप सबका आभारी हूँ।

प्रिय बंधुओं, बहनों यह आसन बहुत महान् और महत्वपूर्ण है। इसका देश के इतिहास में विशेष स्थान है। भारतीय संसदीय इतिहास के सबसे पहले भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष श्री विट्ठल भाई पटेल ने वर्ष 1925 में इसे सुशोभित किया था। मैं उनको आज श्रद्धापूर्वक याद करते हुए सादर नमन करता हूँ।

आजादी से पहले यहाँ से देश का शासन चलता था। आज हम जिस ऐतिहासिक सभागार में बैठे हैं, इसे हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने भी सुशोभित किया था। इनमें श्री गोपालकृष्ण गोखले, श्री विट्ठल भाई पटेल, पंडित मदन मोहन मालवीय, श्री मजरूल हक, श्री सुंदर सिंह मजीठिया, पंडित मोती लाल नेहरू, लाला लाजपत राय जैसी महान् विभूतियाँ थी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी यहाँ दो बार आये थे। मैं आज उन सभी को आदरपूर्वक स्मरण करते हुए, उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ।

आजादी के बाद जब यह सभागार दिल्ली के नव–निर्वाचित प्रतिनिधियों की बैठक के लिए सदन बना तो यहाँ पर सरदार गुरमुख निहाल सिंह जी, श्री जगप्रवेश चन्द्र जी, श्री लालकृष्ण आडवाणी जी, श्री मीर मुश्ताक अहमद जी, श्री पुरूषोतम गोयल जी, श्री चरती लाल गोयल जी, श्री सुभाष चोपड़ा जी, श्री अजय माकन जी, चौधरी प्रेम सिंह जी, डॉ. योगानंद शास्त्री जी और श्री एम.एस.धीर जैसे वरिष्ठ एवं कर्मठ नेताओं ने इस आसन की शोभा बढ़ाई है।

माननीय सदस्यगण! मैं आप सबको विश्वास दिलाता हूँ कि इस सदन का सदस्य होने के नाते आपको जो संवैधानिक अधिकार मिले हैं, उनकी रक्षा करने का मैं पूरा प्रयास करूँगा। यह मेरा मुख्य दायित्व है। आज अध्यक्ष के रूप में, मैं निष्पक्ष हूँ। अध्यक्ष सभी दलों का संरक्षक होता है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना, सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष, दोनों तरफ के सदस्य मेरे लिए समान हैं और यह सदन मेरे लिये सर्वोपरि है। दिल्ली की जनता ने हम सबको विधायक के रूप में निर्वाचित करके बहुत बड़ी जिम्मेदारी हम पर दी है। विशेष कर सत्ता दल पर कि 62 सदस्यों को दूसरी बार चुनकर जो भेजा है, सत्ता दल पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आई है। जनता की समस्याओं को दूर करना और दिल्ली का सर्वांगीण विकास करना हमारा एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। यह तभी संभव है जब हम इस सदन में सार्थक चर्चा करें और विकासोन्मुख कार्यों के लिए कानून पास

करें। दिल्ली में शांति, सुरक्षा व सौहार्द कायम करना और निरंतर विकास करना हमारा परम कर्त्तव्य है और सदन के समय का अधिकतम सदुपयोग करना और सबको अपने विचार प्रकट करने का अवसर प्रदान करना, ये मेरी प्राथमिकताएं रहेंगी।

इस सदन में कई वरिष्ठ और पुराने सदस्य हैं, जैसा अभी बिधूड़ी जी ने कहा... बिधूड़ी जी और शोएब इकबाल जी दोनों मेरे समय मेरे साथ विधायक रहे हैं जिनका सहयोग और मार्ग दर्शन मुझे तथा इस सदन को मिलता रहेगा, मैं ऐसी आशा करता हूँ। कुछ सदस्य पहली बार निर्वाचित होकर आये हैं, मैं उनका विशेष स्वागत करता हूँ और उनसे यह अनुरोध करता हूँ कि वे सदन के नियमों तथा परम्पराओं की जानकारी प्राप्त करें तथा सदन की कार्यवाही में अपना सक्रिय योगदान दें। मैं यह भी आशा करता हूँ कि सत्ता पक्ष और प्रति पक्ष के सभी सदस्य मुझे सदन की कार्यवाही के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग करेंगे।

बिधूड़ी जी ने एक बात की पानी को लेकर कि हरियाणा ने पानी रोका था और वो प्रस्ताव लेकर आए थे। उस प्रस्ताव को चरती लाल गोयल जी ने मंजूरी दी। मैं उनको विश्वास दिलाता हूँ कि हरियाणा ही नहीं, यूपी अब भी पानी रोकेगा और आप प्रस्ताव लाएंगे काम रोको का, तो निश्चित रूप से मैं उसको समर्थन दूँगा।

अंत में, मैं सदन के नेता एवं माननीय मुख्य मंत्री श्री अरविंद केजरीवाल जी, माननीय उप मुख्य मंत्री श्री मनीष सिसोदिया जी, प्रतिपक्ष के वरिष्ठ सदस्य श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी जी और सदन के पक्ष एवं प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों के प्रति अत्यधिक आभारी हूँ। पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री विजेन्द्र गुप्ता जी के लिए विशेष आभारी हूँ कि उन्होंने पाँच वर्ष मेरे से कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया। मैं सभी सदस्यों का बहुत आभारी हूँ कि आपने मुझे चुना और अपना समर्थन दिया। साथ ही मैं इस सदन के वरिष्ठ सदस्य श्री शोएब इकबाल का भी अभिनंदन करता हूँ जिन्होंने हम सबको इस सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई उनका मैं आभार और धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

मैं परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता हूँ कि हमें शक्ति दे, हमारा विवेक और धैर्य बनाये रखे ताकि हम आने वाले पाँच वर्षों में लंबा और सार्थक सफर तय कर सकें।

आओ प्रेम की ज्योति जलायें,
समस्याओं के अंधकार को दूर भगायें।
जनसेवा को अपना संकल्प बनायें,
जनता का दुख–दर्द हमेशा के लिए मिटायें।

मैं अगली कार्यवाही से इससे पहले पढ़ूँ, कुछ माननीय सदस्य आये हैं, अभी दो दिन सदन चलना है। वेल में कभी इधर से उधर जाना पड़े, कृपया वो वेल में न आएँ। बाकी तो हम वेल यानी कि जो नीचे की गैलरी है, सभी सदस्यों से मेरी प्रार्थना है इसका विशेष रूप से ध्यान रखेंगे।

दूसरा, अभी एक वर्कशाप लगेगी दो दिन का मान्य है। नेताओं से बातचीत करके दो दिन का हम वर्कशाप लगाएंगे। उसमें सारा अभ्यास रहेगा। वो उसकी जानकारी हम आप सबको देंगे।

मैं आपको सबको सूचित करना चाहूँगा कि उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए कल दिनांक 25 फरवरी 2020 को दोपहर बारह बजे तक नोटिस स्वीकार किये जाएँगे। उपाध्यक्ष का निर्वाचन 26 फरवरी 2020 को किया जाएगा। इस बारे में बुलेटिन भी जारी कर दिया जाएगा। कल दिनांक 25 फरवरी 2020 का दोपहर दो बजे माननीय उप राज्यपाल महोदय सदन को सम्बोधित करेंगे। मैं सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध करता हूँ कि 25 फरवरी 2020 को दोपहर एक बजकर पचास मिनट तक सदन में अपना स्थान अवष्य ग्रहण कर लें। इसके लिए कोरम में घंटी नहीं बजाई जाएगी। उप–राज्यपाल महोदय के प्रस्थान के बाद सदन की बैठक दस मिनट के पश्चात विधिवत दोबारा शुरू होगी। सदन की कार्यवाही स्थगित करने से पूर्व आज जिन सब व्यवस्थाओं का पहला दिन था; सातवीं विधान सभा का पहला सत्र था, आप लोग अच्छी संख्या में उपस्थित रहे। आपका आभार भी व्यक्त करता हूँ। केवल एक सदस्य किसी कारण शपथ नहीं ले सके। 69 सदस्यों ने शपथ ली है वह शायद अपने आप में रिकॉर्ड होगा। इसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूँ और अधिकारी वर्ग और विधान सभा के सभी ऑफिसर्स कर्मचारी उनका आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने आज के इस परम्परा के दिवस को बहुत अच्छे ढंग से निभाने में शोएब इकबाल जी का सहयोग दिया है, मेरा सहयोग दिया है। उनका भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ।

अब सदन की कार्यवाही मंगलवार 25 फरवरी 2020 को अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है। बहुत–बहुत धन्यवाद।

(सदन की कार्यवाही मंगलवार 25 फरवरी 2020 को अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित की गयी)

...समाप्त...

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 की धारा 18 (2) के उपबंधों तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 281 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत प्रकाशित तथा ग्राफिक प्रिंटर्स, स्मैट फॅर्म्स, नर्ई दिल्ली–110 007 द्वारा मुद्रित।